आई टी एल पब्लिक स्कूल

कक्षा - पंचम

पुनरावृत्ति कार्यपत्रिका

नामः                                                                                   दिनांकः

| | |
|---|---|
| प्रश्न 1 | भाग-ख (भाषा कौशल)<br>विशेषण व उसके भेद<br>निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण और विशेष्य की अलग कीजिए।<br>(क) तुमने सुंदर तस्वीर बनाई। (ख) हमारा नया घर सुंदर है।<br>(ग) राम होशियार लड़का है। (घ) उसकी कार छोटी है।<br>(ङ) सबसे अच्छा उपहार लाओ। (च) कंगारू बड़े जंगल में रहता है। |
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>क) ' मैं बाज़ार से ...............फूल लाई।' रिक्तस्थान में उचित विशेषण शब्द भरें।<br>(क) एक मीटर (ख) कच्चे (ग) पतले (घ) लाल<br>ख) 'नलिन को तेज़ बुख़ार है।' रेखांकित शब्द विशेषण का कौन- सा भेद है?<br>(क) गुणवाचक (ख) संख्यावाचक (ग) परिमाणवाचक (घ) सार्वनामिक<br>ग) थोड़ा- सा घी दे दो। रेखांकित विशेषण शब्द का भेद बताओ।<br>(क) सार्वनामिक (ख) संख्यावाचक (ग) गुणवाचक (घ) परिमाणवाचक<br>घ) मेरे लिए छह गिलास लेकर आओ। रेखांकित विशेषण शब्द का भेद बताओ।<br>(क) सार्वनामिक (ख) संख्यावाचक (ग) गुणवाचक (घ) परिमाणवाचक<br>ङ) गोल व चमकता चाँद देखकर सभी बहुत खुश हुए। इस वाक्य में विशेष्य शब्द कौन- सा है?<br>(क) गोल (ख) चमकता (ग) चाँद (घ) देखकर |
| प्रश्न 3 | निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण अलगकर उनके भेद लिखिए-<br>(क) मेरे पास एक काली गाय है। (ख) वह कुत्ता तेज़ दौड़ता है।<br>(ग) उसने दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। (घ) एक किलो दाल देना।<br>(ङ) आज बाज़ार में बहुत भीड़ है। (च) इस घड़ी में कितने बजे हैं? |